E-Mail.

प्रेषकः–

अध्यक्ष कय समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, आगरा।

सेवामें,

श्रीमान् विशेष कार्याधिकारी, कम्प्यूटर,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा :–

जनपद न्यायाधीश,
आगरा।

विषय : **जनपद न्यायालय आवासीय परिसर, आगरा में स्थित आर0ओ0वाटर प्लान्ट का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ससम्मान निवेदन करना है कि जनपद न्यायालय आगरा के आवासीय परिसर, जज कम्पाउण्ड, आगरा में स्थापित 20,000 ली0 प्रति घण्टा क्षमता वाले 02 नग आर0ओ0 प्लान्ट तथा 1,00,000 ली0 क्षमता का भूतल पर स्थित टैंक मय 10 एच0पी0 क्षमता के ट्यूब वेल द्वारा कठोर जल को आर0ओ0 प्लान्ट द्वारा उपचारित किये जाने के उपरांत जलापूर्ति हेतु उक्त संयन्त्र के संचालन के लिये **वित्तीय वर्ष 2023–24 की शेष अवधि दिनांक 31.03.2024 हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध सम्पादित किये जाने के लिये सील बंद टैण्डर आमंत्रित किये जाने है।**

उक्त प्रयोजनार्थ शेष वित्तीय वर्ष हेतु सील बन्द निविदाऐं आमंत्रित किये जाने के लिये समिति द्वारा दिनांक 20.04.2023 नियत की गयी है। उक्त निविदा की सूचना का तीन स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जायेगा तथा जनपद आगरा के प्रमुख राजकीय कार्यालयों 1–नोटिस बोर्ड, नजारत, जजी आगरा 2–नोटिस बोर्ड, कलैक्ट्रेट आगरा 3– नोटिस बोर्ड, कमिश्नरी आगरा 4–नोटिस बोर्ड ए.डी.ए. आगरा 5–नोटिस बोर्ड, नगर–निगम आगरा 6–नोटिस बोर्ड, पी0डब्लू0डी0 आगरा 7– नोटिस बोर्ड जनसूचना सम्पर्क अधिकारी आगरा 8–नोटिस बोर्ड, नजारत तहसील सदर आगरा के नोटिस बोर्ड पर निविदा की सूचना चस्पा करायी जायेगी। मुख्य कम्प्यूटर लिपिक/सहायक सिस्टम ऑफीसर को निर्देशित किया जा चुका है कि वह उक्त निविदा की सूचना जनपद न्यायालय आगरा की ऑफिसियल वेबसाइट www.ecourts.gov.in/agra पर उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें।

उक्त निविदा की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर प्रचारित व प्रसारित करायी जानी है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि संलग्न सूचना को माननीय उच्च न्यायालय की ऑफिसियल वेबसाइट पर प्रचारित व प्रसारित कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये जाने की कृपा करें।

सादर,

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

(विनोद कुमार बरनवाल)
अध्यक्ष कय समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–01, आगरा।

पत्रांक सं. 1530/XV दिनांक 06/04/23
अग्रसारित

जिला जज, आगरा
06/04/23

सूचना—निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय आगरा के आवासीय परिसर, जज कम्पाउण्ड जनपद न्यायालय आगरा में स्थापित 20,000 ली0 प्रति घण्टा क्षमता वाले 02 नग आर0ओ0 प्लान्ट तथा 1,00,000 ली0 क्षमता का भूतल पर स्थित टैंक मय 10 एच0पी0 क्षमता के ट्यूब बेल द्वारा कठोर जल को आर0ओ0 प्लाण्ट द्वारा उपचारित किये जाने के उपरांत जलापूर्ति के लिये उक्त संयन्त्र के संचालन के लिये वित्तीय वर्ष 2023—24 की शेष अवधि दिनांक 31.03.2024 हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध सम्पादित किये जाने के लिये सील बंद टैण्डर दिनांक 20.04.2023 को आमंत्रित किये जाते है। उक्त के सन्दर्भ में सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नजारत अनुभाग, आगरा से प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

(विनोद कुमार बरनवाल)
अध्यक्ष नीलाम समिति/
अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या—01, आगरा।